Gender Equality Awareness Campaign

Gender Equality Wall (वॉल मैगजीन कार्यक्रम)

स्पर्श समिति, यूसीसी और लीडरशिप क्लब, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल, स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट स्टडीज, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 28 मार्च 2023 को परिसर द्वितीय में "लैंगिक समानता" पर एक दीवार पत्रिका का आयोजन किया। डॉ. गीतांजलि उपाध्याय कार्यक्रम की समन्वयक और डॉ. रीता देवी सह-समन्वयक थीं। विभागाध्यक्ष/डीन प्रोफेसर मोहिंदर सिंह और अन्य संकाय सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में योगदान दिया। कार्यक्रम की नीव सहायक प्रोफेसर गीतांजलि उपाध्याय के भाषण से रखी गयी जिसमे उन्होंने बहुत सुन्दर कथन के साथ अपनी बात रखी कि ये हम समाज के शिक्षित वर्ग का कर्त्तव्य है, कि समाज के उस अशिक्षित वर्ग को जागरूक करे जो आज भी लैंगिक असमानता को महत्व देता है, यह हमारा सामाजिक कर्त्तव्य है |

इस कार्यक्रम में एमबीए विभाग के आंचल ठाकुर, कार्तिक, अक्षित, अवनी, हर्षिता, रिया, आयुष, ने भाग लिया। छात्रों ने लैंगिक समानता दिखाने वाले कुछ पोस्टर बनाए और दीवार पर अपने पोस्टर चिपकाए | छात्र छात्राओं ने लैंगिक समानता जागरूकता अभियान के उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने पोस्टर मेकिंग के साथ – साथ यह बताने का प्रयास किया कि समाज में महिलाएं और पुरुष एक समान हैं | दोनों को एक नजर से देखना चाहिए |

स्पर्श समिति

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला